भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 3673

सोमवार, 10 अगस्त, 2026/19 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पूर्वी उत्तर प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना

3673. श्री रमाशंकर विद्यार्थी राजभर:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पूर्वी उत्तर प्रदेश (पूर्वांचल) में, विशेषकर देवरिया और बलिया में रामायण परिपथ और बौद्ध परिपथ से जुड़े ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों के विकास के लिए स्वीकृत निधि का ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार पूर्वी उत्तर प्रदेश (पूर्वांचल) में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार सृजित करने हेतु एक विशेष पैकेज प्रदान करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों के विकास सहित पर्यटन का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)'- एसडी 2.0 की एक उप-योजना, और 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक अपनी मौजूदा योजनाओं के माध्यम से उत्तर प्रदेश सहित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को, योजना दिशानिर्देशों के अनुरूप उनके द्वारा परियोजना प्रस्तावों की प्रस्तुति, और सरकारी निर्देशों के अनुपालन, निधियों की उपलब्धता, परस्पर प्राथमिकता आदि के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना के विकास संबंधी प्रयासों को संपूरित करता है।

इसके अलावा, भारत सरकार ने वर्ष 2024-25 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का विकास' नामक अपनी योजना के तहत भी पर्यटन परियोजनाओं के विकास हेतु राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान की है।

उपर्युक्त योजनाओं के तहत नई परियोजनाओं को मंजूरी देना एक सतत् प्रक्रिया है। पूर्वी उत्तर प्रदेश (देवरिया, बलिया आदि) सहित उत्तर प्रदेश राज्य में उपर्युक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय भारत का एक समग्र पर्यटन स्थल के रूप में संवर्धन करता है। पर्यटन मंत्रालय सोशल मीडिया, वेबसाइटों और मेलों एवं प्रदर्शनियों आदि में भागीदारी सहित विभिन्न माध्यमों से उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न पर्यटन स्थलों का भी संवर्धन करता है।

पर्यटन मंत्रालय राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को स्थानीय समुदायों से जुड़ने और पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं का सुदृढ प्रचालन एवं प्रबंधन (ओएंडएम) सुनिश्चित करने हेतु नियमित रूप से प्रोत्साहित करता है, ताकि पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हो सके, स्थानीय रोजगार सृजित हो और समग्र पर्यटक संतुष्टि को बढ़ाया जा सके।

*****

अनुबंध

श्री रमाशंकर विद्यार्थी राजभर द्वारा पूर्वी उत्तर प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में दिनांक 10.08.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 3673 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में **विवरण**

(i) उत्तर प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

क्र. सं.	परिपथ/ स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
1.	बौद्ध 2016-17	श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास	87.89
2.	रामायण 2016-17	चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास	69.45
3.	आध्यात्मिक 2016-17	आहर - अलीगढ़ - कासगंज - सरोसी (उन्नाव)-प्रतापगढ़-कौशांबी-मिर्जापुर - गोरखपुर - डुमरियागंज - बस्ती - बाराबंकी - आजमगढ़ - कैराना - बागपत - शाहजहांपुर का विकास	71.91
4.	आध्यात्मिक 2016-17	बिजनौर-मेरठ-कानपुर - कानपुर देहात - बांदा- गाजीपुर-सलेमपुर- घोसी - बलिया - अम्बेडकर नगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा- सोनभद्र - चंदौली - मिश्रिख - भदोही का विकास	67.51
5.	विरासत 2016-17	कालिंजर किला (बांदा) - मगहरधाम (संतकबीर नगर) - चौरीचौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) - महुअर शहीद स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास	36.65
6.	रामायण 2017-18	अयोध्या का विकास	127.21
7.	आध्यात्मिक 2018-19	जेवर - दादरी - सिकंदराबाद - नोएडा - खुर्जा - बांदा का विकास	12.03
8.	आध्यात्मिक 2018-19	गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास	18.30

(ii) उत्तर प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

क्र.सं.	गंतव्य	अनुभव का नाम	स्वीकृति तिथि	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
1.	नैमिषारण्य	वैदिक - वेलनेस एक्सपीरियंस	05.03.2024	17.8

2.	प्रयागराज	आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस	05.03.2024	14.52

(iii) उत्तर प्रदेश राज्य में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) - स्वदेश दर्शन 2.0 की एक उप-योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजना का विवरण:

क्र.सं.	गंतव्य/श्रेणी	अनुभव का नाम	स्वीकृति तिथि	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
1.	महोबा (संस्कृति एवं विरासत)	महोबा में सांस्कृतिक परिदृश्य का विकास	27.03.2025	24.98

(iv) उत्तर प्रदेश राज्य में 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर के प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का विकास' योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

क्र.सं.	स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (में .करोड़ रु)
1.	2024-25	आगरा जिले में बटेश्वर का विकास	74.05
2.	2024-25	श्रावस्ती में एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास	80.24

(v) उत्तर प्रदेश राज्य में तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

क्र.सं.	स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
1.	2015-16	वाराणसी का विकास - चरण-I	18.73
2.	2014-15	मेगा पर्यटक परिपथ के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास (चरण-II)	10.98
3.	2017-18	गंगा, वाराणसी में रिवर क्रूज पर्यटन	9.02
4.	2014-15	वृंदावन में पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण	9.36
5.	2017-18	वाराणसी का विकास - चरण-II	44.60
6.	2018-19	गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास	37.59

*****